खरना का प्रसाद ग्रहण कर व्रतियों ने शुरू किया 36 घंटे का निर्जला व्रत

बिक्रम (आससे)। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व कार्तिक छठ के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से खरना का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पालीगंज


बिक्रम

सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में छठी मइया की भक्ति में माहौल भक्तिमय बना रहा। व्रतियों ने दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को स्नान कर भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना की और पारंपरिक विधि-विधान से खरना का प्रसाद तैयार किया।

प्रसाद के रूप में गुड़ से बनी खीर, रोटी और फल का भोग लगाया गया। पूजा के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया। खरना के साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। रविवार को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके बाद सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा।

बिहटा आससे के अनुसार बिहटा बिक्रम पालीगंज और दुलहिन बाजार क्षेत्र में खरना का आयोजन संपन्न हुई ।व्रती खीर को बनाकर सूर्य को समर्पित किया। व्रतियों ने सूर्य को खीर फल अर्पित कर अनुष्ठान के दूसरे दिन हर्षोल्लास पूर्वक इस छठ पर्व को मना रही है। कल शाम प्रथम अर्घ्य दिया जाएगा। मन्दिर तालाबो और घरों को लोगो ने सजाया है । गावो में लोग घूम घूम कर प्रसाद ग्रहण किया। उलार धाम और वनदेवी में काफी संख्या में व्रती ने इस पावन पर्व को मना रही है।

फतुहा (आससे) के अनुसार लोक आस्था का महान पावन पर्व चैती छठ का दूसरे दिन शनिवार को छठ व्रती सुबह से ही उपवास कर संध्या समय गुड़ ,गंगा जल एवं दूध की खीर और रोटी का प्रसाद बनाकर शाम को खरना के रूप में प्रसाद ग्रहण किया । इस पबित्र पर्व को लेकर सुबह से ही छठ व्रतियों ने फतुहा के मस्ताना घाट , कटैया घाट सहित विभिन्न गंगा घाटों पर काफी संख्या में गंगा नदी में स्नान कर प्रसाद बनाने के लिए गंगा जल ले जाते देखे गए ।सैकड़ों कि संख्या दूर -दराज से छठ वर्त करने को आये छठ व्रतियों ने गंगा घाट पर ही पूजा पाठ खरना करती देखी गयी । रविवार को निर्जला उपवास के साथ शाम को भगवान भाष्कर को अर्ध्य दिया जाएगा और सोमवार को अहले सुबह उगते सूर्य की अर्ध्य के साथ छठ व्रत की समाप्ति की जायेगी।

दुल्हिनबाजार आससे के अनुसार नेम, निष्ठा, पवित्रता का महापर्व छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को प्रखंड के उलार सूर्य मन्दिर धाम में खरना किया गया. राज्यभर के भर में व्रतियों ने खरना पूजन करके धन व वैभव की कामना की. भगवान भास्कर के इस पर्व को लेकर सभी स्थानों में शाम के बाद से खरना का प्रसाद खाने की भीड़ लगी रही. मान्यता है कि खरना का प्रसाद बनाते हुए किसी प्रकार का शोर नहीं होना चाहिए. पूरी शांति का ध्यान रखते हुए खरना पूजन करना चाहिए, जिससे पूजा स्थल पर शांति बनी रहे. इस दौरान छठ व्रती महिलाओं ने नेम निष्ठा के साथ मिट्टी के बर्तन में खरना पूजन के लिए प्रसाद तैयार किया. प्रसाद में खीर, गुड़ का जाउर, पूड़ी आदि बनाये गये. खरना का प्रसाद तैयार होने के बाद छठ व्रती उपवास में


बिहटा

रहकर छठी मईया का आह्वान करते हुए घी के दीपक, फल, फूल व खीर, जाउर, पुड़ी के साथ धूप-दीप से खरना पूजन किया. पूजन के बाद परिवार के सदस्यों व आसपास के लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. बता दें कि खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद छठ व्रती उपवास करेंगी. वहीं रविवार को उपवास में रहकर छठ व्रती नदी, पोखर छठ घाट पर संध्या बेला में फल-फूल से व्रती नदी, पोखर छठ घाट पर संध्या बेला में फल-फूल से सजे डाला के साथ डूबते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य देंगी. वहीं सोमवार को उदयीमान सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो जायेगा. उलार धाम में विधि व्यवस्था को लेकर एसडीएम चन्दन कुमार, डीसीएलआर जनक कुमार, डीएसपी राजीव चंद्र सिंह खुद मोर्चा सम्भालते हुए दिखे।

मसौढ़ी आससे के अनुसार छठव्रतियों के द्वारा करना करने के बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया अनुमंडल के शहरी एवं ग्रामीण इलाके के विभिन्न गांव के छठ वरतीयों ने शाम में खरना कियाशनिवार की शाम छठव्रतियों ने विधिविधान से मिट्टी की अंगीठी और लकडी से खीर,रोटी बनाया और भगवान सूर्य की पूजा कर उसे ग्रहण किया।

उसके बाद स्वजनों, रिश्तेदारों, ईष्ट मित्रों और अन्य आगंतुकों को भी प्रसाद स्वरूप खिलाया ।प्रसाद खाने जानेवाले स्रद्धालुओं का आना जाना देर शाम तक जारी था। अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न जगह पर लोग एक दूसरे के यहां खरना का प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे जहां शारदा पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया।

सड़क दुघर्टना में अधेड़ की मौत

फतुहा आससे। नियति का क्रूर खेल देखिए, दो जवान बेटों को खोने के बाद भी जिंदगी के गम से जूझ रहे एक पिता की शनिवार की सुबह सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। जिस पिता ने पहले अपने दोनों बेटों की अर्थी उठते देखी थी, अब उसी पिता की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना फतुहा-दनियावां राजमार्ग पर धोबा पुल के समीप की है। मृतक की पहचान घटनास्थल के पास स्थित जनार्दनपुर गांव निवासी 62 वर्षीय राम पुकार सिंह के रूप में हुई है ।मिली जानकारी के अनुसार, राम पुकार सिंह शनिवार की सुबह रोज की तरह मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे। उनका घर फतुहा-दनियावां राजमार्ग से कुछ ही दूरी पर स्थित है। सुबह की सैर के दौरान जैसे ही वह धोबा पुल के समीप पहुंचे, इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। वाहन की टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे ने एक बार फिर राम पुकार सिंह के परिवार के पुराने जख्मों को हरा कर दिया है। बताया जाता है कि मृतक के बड़े बेटे की करीब एक साल पहले दिल्ली में मौत हो गई थी। वहीं, उनके दूसरे बेटे की भी करीब पांच-छह साल पहले गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दोनों बेटों को खोने के बाद राम पुकार सिंह गहरे सदमे में थे। अभी वह अपने दोनों बेटों की मौत के दुख से पूरी तरह उबर भी नहीं पाए थे कि खुद भी इस दुनिया को अलविदा कह गए ।एक ही परिवार में पहले दो बेटों और अब पिता की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जिस घर में पहले ही दो जवान बेटों की मौत का दर्द था, वहां अब परिवार के मुखिया के चले जाने से मातम पसरा हुआ है। ग्रामीण भी इस हृदयविदारक घटना से स्तब्ध हैं। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

बंद घर का ताला तोड़ 10 लाख नगद और दो थान गहना चोरी

बिहटा (आससे) । चीनी मिल ओपी अंतर्गत राघोपुर वार्ड नंबर 15 में एक बंद घर को अज्ञात चोरों ने अपना निशाना बना लिया जहां चोरों ने पहले घर का ताला तोड़ा और घर में प्रवेश किया और घर में घुसकर सबसे पहले बक्से का ताला तोड़ा और उसमें रखें 10 लाख नगद और गहना लेकर फरार हो गया। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद घर के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है और घर में रखे 10 लाख रुपया और दो थान गहना जो गायब है। जिसका पुलिस को परिवार के लोगों ने जानकारी दी। घर की महिला रीता देवी ने बताया कि पूरे परिवार के साथ दो दिन पूर्व अपने मायके गई थी घर पर ताला बंद था जब सुबह में आज घर वापस आई तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ है बक्से में रखे 10 लाख रुपया जो खेत बेचकर घर बनाने के लिए रखी थी वह भी गायब है और इसके अलावा दो थान सोने चांदी के गहने भी गायब है। इधर घटना जानकारी मिलने के बाद बीएसपी पार्टी के स्थानीय नेता राम प्रवेश यादव भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात किया ।चीनी मिल ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पहुंची थी और मामले की जांच शुरू कर दिया है इसके कमलेश नट के द्वारा थाने में घर में चोरी का आवेदन दिया गया है ।फिलहाल अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

पूजा सामग्री का किया गया वितरण

मसौढ़ी (आससे) । अनुमंडल मुख्यालय के नगर परिषद वार्ड संख्या 26 सरवां गांव के नवनिर्मित छठ घाट पर पूजा सामग्रियों का वितरण किया गया यह आयोजन जेबी की ओर से किया गया । आयोजन शनिवार से प्रारंभ होकर रविवार एवं सोमवार तक चलेगा जेबी एन के द्वारा आयोजित की गई इस फल वितरण कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत शिक्षक हरबंश सिंह करणी सेना के आयुष कुमार सिंह पत्रकार पंकज सिंह संजय कुमार सिंह मिथिलेश सिंह,सुजीत सिंह समेत कई लोग उपस्थित हैं पहली बार नवनिर्मित तालाब पर हो रहे छठ पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया आसपास के भी कई लोग छठ के मौके पर सरवा गांव के तालाब पर पहुंचे।

आस्था का केंद्र बना है मणिचक और ठाकुरबाड़ी का मंदिर

-पंकज कुमार सिंह-

मसौढ़ी। बिहार के पटना जिले के मसौढ़ी के मनी चक सूर्यधाम लाखों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र है। यहां भगवान सूर्यनारायण के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बिहार ही नहीं, बल्कि देश के कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन और पूरी श्रद्धा के साथ भगवान सूर्य की आराधना करता है, उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। यही वजह है कि इस पवित्र धाम में सालों भर भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बारह सूर्यदेवों में मनी चक्र के सूर्यदेव के नाम पर ही इस पवित्र स्थल का नाम मनी चक धाम पड़ा है। यहां की धार्मिक महत्ता सदियों पुरानी बताई जाती है। मंदिर के पुजारी के अनुसार श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं को लेकर यहां पहुंचते हैं और मन्नत पूरी होने पर दोबारा भगवान सूर्य के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। पश्चिम बंगाल, झारखंड, दिल्ली और बिहार के सभी जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां दर्शन-पूजन के लिए



पहुंचते हैं। इस सूर्यधाम सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि लाखों लोगों की अटूट आस्था, विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक बन चुका है। भगवान सूर्य के प्रति भक्तों की यही अगाध श्रद्धा इस प्राचीन धाम की पहचान है। छठव्रती खरना का प्रसाद बनाकर खाना किया और देर शाम तक यही प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। प्रतिवर्ष यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है इसी तरह से अनुमंडल मुख्यालय मसौढ़ी के ठाकुरवाडी स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में भगवान भास्कर का बना आकर्षक मंदिर लोगों के लिए आस्था का केंद्र बन गया है मंदिर के सामने तालाब में श्रद्धालु स्नान कर भगवान सूर्य को अरद्ध देते हैं इस सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर का एक काला रंग का बना पत्थर की प्रतिमा लोगों के लिए आस्था का केंद्र है यहां के पुजारी बताते हैं कि जो तालाब मंदिर के सामने बना है इसकी खुदाई के दौरान वह मूर्ति निकली थी लगभग 200 वर्ष से अधिक पुरानी भगवान भास्कर का रथ सवार मूर्ति के सामने जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से अपनी मन्नत मांगते हैं उनकी मन्नत पूरी होती है यही कारण है कि यहां लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ रही है।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी, पीएमसीएच रेफर

मसौढ़ी (आससे) । मसौढ़ी-पालीगंज मार्ग पर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पूरनचक के पास शनिवार की दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक को प्राथमिक उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया ।जख्मी युवक की पहचान प्रत्मुन कुमार, पिता अरुण यादव, निवासी नगौली, भगवानगंज थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक घर से मसौढ़ी बाजार जा रहा था। इसी दौरान पूरनचक के पास वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसा कैसे हुआ, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने



घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। इसके बाद घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने कहा है कि हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

कूड़ेदान में फेंकी मिली डाक सामग्री, सैकड़ों आधार कार्ड, चेकबुक, एटीएम और कोर्ट नोटिस शामिल

मनेर। प्रखंड के सिंघाड़ा पंचायत के लोदीपुर गांव में बड़ी मात्रा में डाक सामग्री कूड़ेदान में फेंकी मिली है। इनमें सैकड़ो आधार कार्ड, चेकबुक, एटीएम, बैंक पासबुक, कोर्ट नोटिस, ज्वाइनिंग लेटर , बीमा बांड के अलावा डाक के माध्यम से आने वाली कई सामग्रियां शामिल हैं।

इन सभी डाक सामग्रियों पर कमला गोपालपुर पोस्ट ऑफिस का पिन कोड 800111 के साथ पूरा पता और मोबाइल नम्बर भी अंकित है। बताया जाता है कि इन पत्रों पर अंकित पता इसी डाकघर के इर्द-गिर्द वाले गांवों का है। सभी पर फोन नंबर और पूरा पता है, बावजूद इसके इन्हें कूड़ेदान में फेंक दिया गया।

शनिवार की सुबह जब लोगों ने इसे सड़क किनारे कूड़ेदान में फेंका देखा तो हड़कंप मच गया। दर्जनों लोग फेंकी गई इन सामग्रियों में अपने कागजात ढूंढते देखे गए। बताया जाता है कि ये सभी सामग्री कमला गोपालपुर डाकघर वाले पिन कोड के पते पर आई थी। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों के पास कई बार आधार कार्ड , चेकबुक एवं एटीएम, कोर्ट नोटिस, जीवन बीमा के कागजात, ज्वाइनिंग लेटर और अपने पास रख लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि दीपावली में घर की साफ-सफाई करते



आदि आने का मैसेज मोबाइल पर आया, लेकिन ये सामग्रियां पहुंची नहीं । इससे जाहिर होता है कि जिनकी जिम्मेवारी इन कागजातों को पहुंचाने की थी, उन्होंने इसे नहीं पहुंचाया वक्त जिस व्यक्ति के पास ये सामग्री थी, उसने इसे बाहर कूड़ेदान में फेंक दिया। इतनी बड़ी मात्रा में डाक सामग्री को कूड़ेदान में फेंकने से कई तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। ये सभी जरूरी एवं संवेदनशील कागजात हैं। लोगों ने इसे डाक विभाग की बड़ी लापरवाही बताया है।

इस संबंध में डाक अधिदर्शक सुनील कुमार ने बताया कि सभी सामग्रियों को बरामद कर लिया गया है। इसमें बड़ी मात्रा में आधार कार्ड, बैंक दस्तावेज, एटीएम, कोर्ट की सामग्री समेत कई तरह की डाक सामग्रियां शामिल है। ये सभी डाक सामग्री संबंधित लोगों तक स्पेशली पहुंचाया जाएगा। जांच में कमला गोपालपुर के पूर्व पोस्ट मास्टर उज्वल कुमार की लापरवाही सामने आई है। उनपर कार्रवाई की जाएगी।

वरीय डाक अधीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि डाक अधिकारियों को संबंधित जगहों पर भेजकर जांच करवया हैं। प्रथम दृष्टया जांच में कमला गोपालपुर पोस्ट ऑफिस के पूर्व पोस्टमास्टर उज्वल कुमार की लापरवाही सामने आई है। फिलहाल उज्वल प्रमोशन लेकर दूसरे जगह कार्य कर रहे हैं। जो भी दोषी हैं उन्हें निलंबित किया जाएगा और विभागीय कार्रवाई भी होगी।

वीर कुंवर सिंह की मनायी 249वीं जयंती

बिहटा (आससे) । महान स्वतंत्रता सेनानी एवं वीर शिरोमणि बाबू वीर कुंवर सिंह की 249वीं जयंती बिहटा के किशुनपुर स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह चौक पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस



अवसर पर बाबू वीर कुंवर सिंह न्यास, बिहटा के तत्वावधान में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके अदम्य साहस, वीरता और देश की आजादी के लिए दिए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह का जीवन त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है। 80 वर्ष की उम्र में भी अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उन्होंने जिस बहादुरी से संघर्ष किया, वह भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा ।इस मौके पर न्यास के अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, डॉ. उदय कुमार सिंह ,नागेन्द्र सिंह, प्रकाश सिंह,बिनोद सिंह,कपिल सिंह,अजय सिंह मुंशी जी ,विकाश सिंह,शिव कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

छठ को लेकर पाटलिपुत्र सांसद ने विभिन्न घाटों का लिया जायजा

मसौढ़ी (आससे) । लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती ने पुनपुन के राजघाट नवादा, पिपरा, जाहिदपुर, पुनपुन घाट समेत विभिन्न छठ घाटों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर प्रशासनिक तैयारी और छठ पूजा समितियों की ओर से की गई तैयारियों का फीडबैक लिया। सांसद ने कई प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया।

उन्होंने घाटों पर सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, शौचालय और महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसको लेकर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए ।इस मौके पर सांसद निशा भारती ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की आस्था और पुनपुन घाट पर अर्घ्य देने आते हैं।



संस्कृति का प्रतीक है। लाखों श्रद्धालु इसलिए घाटों पर सारी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्रतियों की सुरक्षा और सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों पर गहरे पानी वाले स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाएं, गोताखोरों और नाव की व्यवस्था करें, साथ ही स्वास्थ्य शिविर और एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बिजली व्यवस्था में कोई लापरवाही न बरती जाए।

छठ पूजा समितियों ने सांसद के सामने घाटों की समस्याओं को रखा, जिस पर सांसद ने तुरंत समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पुनपुन को आदर्श छठ घाट के रूप में विकसित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छठ समितियों के सदस्य मौजूद रहे।

छापेमारी में 500 लीटर चुलाई शराब के साथ सेंट्रो कार जब्त

मसौढ़ी (आससे) । धनरूआ थाना क्षेत्र अंतर्गत एस एच वन पर अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस प्रशासन को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ग्राम सेवदहा बीघा के पास की गई छापेमारी में भारी मात्रा में अवैध देशी चुलाई शराब बरामद की गई है।

गुप्त सूचना या नियमित गश्त के क्रम में जब प्रशासनिक/पुलिस दल ग्राम सेवदहा बीघा के समीप पहुँचा, तो वहाँ एक लाल रंग की सेंट्रो कार संदिग्ध अवस्था में मिली। वाहन की तलाशी लेने पर बोरियों में पैक करके रखी गई लगभग 500 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब बरामद हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध शराब और उसमें प्रयुक्त है।



सेंट्रो कार दोनों को ज़ब्त कर लिया शराब की तस्करी करने वाले तस्कर नदी और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखकर शराब कारोबारी अंधेरे और पास की नदी की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। धनरूआ प्रशासन और पुलिस विभाग फरार आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रहा है। ज़ब्त किए गए वाहन के नंबर और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मालिक का पता लगाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब के धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और इस मामले में आगे की सख्त वैधानिक कार्रवाई तेजी से की जा रही है।